# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-20.07.2025

**प्रेस नोट**

**थाना कोतवाली शामली पुलिस,सर्विलांस/एसओजी टीम शामली द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए वॉट्सएप्प ग्रुप चलाकर आरटीओ/खनन अधिकारी की लोकेशन आउट करने के सम्बन्ध में 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से एक मोबाइल बरामद ।**

आज दिनांक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे लोकेशन शेयर करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में **थाना कोतवाली शामली पुलिस, सर्विलांस /एसओजी टीम शामली** द्वारा 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण वॉट्सएप्प पर बादशाह रोड लाइन नाम से बने 01 ग्रुप में हरियाणा, शामली, सहारनपुर आदि जनपदो के कुल 54 व्यक्ति जुडे है, जो आरटीओ/खनन अधिकारी की लोकेशन ग्रुप में शेयर कर ओवर लोड वाहनो को चालान से बचाने का कार्य करते है । इसके एवज में ये व्यक्ति ट्रक मालिको से प्रति गाडी के हिसाब से रुपये लेते थे । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.समून पुत्र अहसान निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली

2.आरिफ पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक अदद मोबाइल फोन -VIVO T3 Pro

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राजकमल सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

2.उ0नि0 श्री बाबूराम सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

3.का0 प्रेम कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

## **SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**

